# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड, मुंबई

**विज्ञापन सं. 4ए /2013-14**

**1.** निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (निबीप्रगानि) में आरंभ में तीन वर्ष की अवधि के लिए **संविदा आधार** पर **मुख्य वित्तीय अधिकारी (मुविअ)** के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

**(i)** अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों के लिए कोई आरक्षण नहीं है । तथापि वे सामान्य उम्मीदवारों की तरह आवेदन कर सकते हैं परंतु वे किसी छूट/रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे ।

**(ii)** नि:शक्तजनों के लिए कोई आरक्षण नहीं है । तथापि नि:शक्तजन वर्ग के उम्मीदवार सामान्य उम्मीदवारों की तरह आवेदन करने के लिए पात्र हैं परंतु उन्हें आयु में छूट को छोड़कर कोई अन्य रियायत नहीं दी जाएगी । नि:शक्तजन उम्मीदवार इस आशय का नवीनतम प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें जो भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी किया गया हो ।

**2. पात्रता मानदंड (दिनांक 01.01.2014 को):**

**(i) आयु:** आवेदक की आयु 40-55 वर्ष के बीच होनी चाहिए । नि:शक्तजन उम्मीदवारों के मामले में भारत सरकार के मौजूदा अनुदेशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी ।

**(ii) अर्हताएं:** उन्हें अर्हता प्राप्त सनदी लेखाकार(चार्टर्ड एकाउंटेंट) होना चाहिए ।

**(iii) अनुभव:** बड़ी वित्तीय फर्म में वित्तीय लेनदेन जिसमें लेखांकन तथा कराधान संबंधी मामले शामिल हैं, की देखरेख (ओवरसी) का पंद्रह वर्षों का अनुभव । इसमें से कम से कम पांच वर्ष वरिष्ठ प्रबंधन पद (उप महाप्रबंधक अथवा समकक्ष अथवा इससे ऊपर) होना चाहिए । वित्तीय फर्म में मुविअ के रूप में पहले से अनुभव वांछनीय है ।

**3. निबीप्रगानि में संविदा आधार पर मुविअ की नियुक्ति के नियम तथा शर्तें:**

**(i) अवधि:** निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम में (इसके बाद इसे निगम कहा जाएगा) मुख्य वित्तीय अधिकारी (मुविअ) की संविदा नियुक्ति आरंभ में नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी जो समीक्षाधीन होगी । संविदा किसी भी पक्ष की ओर से समाप्त की जा सकती है इसके लिए तीन माह का नोटिस देना होगा अथवा इसकी क्षतिपूर्ति करनी होगी । मुविअ के रूप में नियुक्त व्यक्ति केवल निगम की सेवा में रहेगा । किसी भी स्थिति में विमुअ को यह अधिकार नहीं होग कि उन्हें वापस भारतीय रिज़र्व बैंक में नियोजित किया जाए ।

**(ii) कार्य संबंधी उत्तरदायित्व:** मुविअ निगम के सभी वित्तीय लेनदेनों, लेखांकन तथा कराधान संबंधी मामलों की देखरेख (ओवरसी) करेंगे ।

**(iii) पारिश्रमिक:** पहले वर्ष के दौरान मुख्य वित्तीय अधिकारी को कंपनी को लागत के आधार पर समेकित मासिक पारिश्रमिक ₹4,00,000 (चार लाख रुपये केवल) (कर योग्य) प्राप्त होंगे । मुविअ कार्यनिष्पादन की समीक्षा के अधीन कुल राशि में 5% की वार्षिक वृद्धि के लिए भी पात्र होंगे ।

**(iv) छुट्टी की सुविधा:**

क) वे यथानुपातिक आधार पर प्रति कैलेंडर वर्ष में 30 दिन की दर से आकस्मिक छुट्टी के लिए हकदार होंगे, तथा

ख) उक्त अवधि से अधिक अनुपस्थिति को वेतन बिना छुट्टी माना जाएगा ।

**(v) यात्रा तथा ठहरने संबंधी भत्ता:** कार्यालयी यात्राओं के संबंध में बैंक के ग्रेड 'एफ' अधिकारियों के लिए स्वीकार्य भत्तों के समान यात्रा तथा ठहरने संबंधी भत्ते दिए जाएंगे ।

**(vi) टेलीफोन सुविधाएं:** मुविअ आवासीय टेलीफोन सुविधा के लिए 42,000 कॉल्स प्रतिवर्ष तक की प्रतिपूर्ति तथा बैंक के ग्रेड 'एफ' अधिकारियों के लिए उपलब्ध सेलुलर फोन सुविधा के लिए हकदार हैं ।

**(vii) आवसीय सुविधा:** मुविअ को बैंक/निगम कोई आवसीय सुविधा प्रदान नहीं करेगा ।

**(viii) चिकित्सा सुविधाएं:** मुविअ बैंक के ग्रेड 'एफ' अधिकारियों के समान भारिबैं औषधालय सुविधा के लिए हकदार होगा ।

**(ix) अधिवर्षिता लाभ:** संविदा अवधि के दौरान मुविअ द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए वे किसी अधिवर्षिता लाभ अर्थात भविष्य निधि, पेन्शन, उपदान (ग्रेच्यूटी) आदि के लिए हकदार नहीं होंगे ।

**(x) आचरण, अनुशासन तथा अपील:** संविदा अवधि के दौरान जब तक बैंक/निगम में संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए आचरण संहिता नहीं बना ली जाती तब तक उन पर भारतीय रिज़र्व बैंक (स्टाफ) विनियम, 1948 के अध्याय IV के प्रावधान लागू होंगे ।

**(xi) मुविअ निबीप्रगानि में संविदा पर नियुक्त होंगे ।** चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति के नियम तथा शर्तों के अनुसार निबीप्रगानि के साथ द्विपक्षीय संविदा करनी होगी ।

**(xii) तैनाती का स्थान:** मुविअ की अवस्थिति/तैनाती का स्थान सामान्यत: मुंबई होगा । परंतु निगम को यह अधिकार होगा कि यदि अपेक्षित हो तो वे मुविअ को किसी अन्य केंद्र पर तैनात कर सकें ।

**4. चयन प्रक्रिया:** चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यदि आवश्यक हो तो उन पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना है, की संक्षिप्त सूची बनाने के लिए बोर्ड आवेदनों की प्राथमिक स्क्रीनिंग करेगा । अत: केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार स्वत: ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा । साक्षात्कार के स्थान तथा तारीख की सूचना चुने गए (शार्टलिस्ट किए गए) उम्मीदवारों को यथासमय दी जाएगी ।

**5. आवेदन कैसे करें:**

**(i)** पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार निर्धारित फार्मेट (जैसे इस विज्ञापन में नीचे दिया गया है) में डाक द्वारा अपने आवेदन "**महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, IIIरा तल, भारिबैं बिल्डिंग, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई - 400008**" को भेजें ।

**(ii)** हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो उचित स्थान पर चिपकाएं तथा उम्मीदवार आवेदन पर हस्ताक्षर करें । अपूर्ण तथा अपाठ्य आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा ।

**(iii)** आवदेन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए उदाहरण के लिए 'निबीप्रगानि में संविदा आधार पर मुविअ के पद के लिए आवेदन'।

**(iv)** आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करें:

क. आयु का प्रमाण (माध्यमिक/हाई स्कूल/10वीं का प्रमाणपत्र अथवा उच्च माध्यमिक स्कूल/12वीं का प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख किया गया हो ।

ख. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट (आईसीएआई) से चार्टर्ड एकाउंटेंट पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा में अर्हता प्राप्त किए जाने संबंधी प्रमाणपत्र की प्रति । यदि उम्मीदवार ने अपना सीए पाठ्यक्रम विदेश से उत्तीर्ण किया है तो वे इस प्रमाणपत्र के साथ आईसीएआई की सदस्यता की प्रति अवश्य संलग्न करें ।

ग. अपेक्षित अनुभव के समर्थन में उचित दस्तावेज ।

घ. अजा/अजजा/अपिव/नि:शक्तजन वर्ग से संबंधित उम्मीदवार हाल ही के संगत जाति/अक्षमता प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें ।

**6. सामान्य नियम/अनुदेश:**

(i) आवेदन का फार्मेट अंत में दिया गया है । उम्मीदवार केवल निर्धारित फार्मेट के अनुसार ही आवेदन करें ।

(ii) **उम्मीदवार संगत प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों की प्रतियां (आयु, जाति, शैक्षिक अर्हता के समर्थन में) तथा अपेक्षित अनुभव के समर्थन में उचित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ <u>संलग्न करें</u> ।** आवेदन पत्र में दी गई सूचना तथा इसके साथ संलग्न प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा । यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन पत्र में दी गई जानकारी गलत/झूठी है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी ।

(iii) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी अथवा /II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी

(iv) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी ।

(v) पात्रता, साक्षात्कार के संचालन, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(vi) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।

(vii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, निबीप्रगानि में नियुक्ति के समय उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

7. **अंतिम तारीख:** आवेदन सभी निर्धारित दस्तावेजों के साथ **दिनांक 10 फरवरी 2014, अपराह्न 6.00 बजे तक** बोर्ड कार्यलय में पहुंच जाने चाहिए । आवेदन/आवेदनों की प्राप्ति में विलंब होने/डाक में उनके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

**निबीप्रगानि में संविदा आधार पर मुख्य वित्तीय अधिकारी (मुविअ) के पद के लिए आवदेन**

**(विज्ञापन सं. 4ए/2013-14)**

(प्राप्ति सं.)

(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

**1.** पूरा नाम (अंग्रेजी में बड़े अक्षरों में) :

______________________________________________________________

**2.** वर्ग: ______________________________________________

**क.** सामान्य के लिए सामा./अनुसूचित जाति के लिए अजा/अनुसूचित जनजाति के लिए अजजा/ अन्य पिछड़े वर्ग के लिए अपिव लिखें । ('क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख सामा. के रूप में करना चाहिए।) यह कॉलम खाली न छोड़ें ।
**ख**. नि:शक्तजन उम्मीदवार (उपर्युक्त क में मुख्य श्रेणी के साथ-साथ अस्थिरूप से विकलांग, बधिर अथवा दृष्टिहीन विकलांग लिखें) (अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़ें) ।

**पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाएं**

**3.** लिंग: _______ (स्त्री /पुरुष )

**4.** राष्ट्रीयता______________________

**5.** जन्मतिथि: ______________________________(दिन/माह/वर्ष)

**6.** आयु (दिनांक 01.01.2014 को): ______ (वर्ष)______(माह)______(दिन)

**7.** शैक्षिक योग्यता (दिनांक 01.01.2014 को)

| परीक्षा | मुख्य विषय | परिणाम की तारीख | विश्वविद्यालय/संस्थान | अंकों का समग्र प्रतिशत | श्रेणी/डिवीजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**8.** विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दिनांक 01.01.2014 को)
(यदि आवश्यकता हो तो अलग पत्रक का प्रयोग करें)

| **क्रम सं.** | **नियोक्ता का नाम और पता** | **पदनाम** | **कार्य का स्वरूप** | **अवधि** | | **कुल अवधि** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **से** | **तक** | **वर्ष** | **माह** |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**9.** संपर्क ब्यौरा:

**क.** डाक पता:________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________(पिनकोड)____________

**ख.** ई-मेल:________________________________________________

**ग.** मोबाइल (सेल फोन) नं.:________________________________________

**10.** संलग्न दस्तावेजों की सूची :

(i)

(ii)

(iii)

(iv)

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं । मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है । मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं ।

________________________
(आवेदक के हस्ताक्षर)

स्थान:

तारीख:

नाम: ____________________________